SBS कार्यप्रथा संहिता के बारे में

SBS (एसबीएस) एक स्वतंत्र राष्ट्रीय सार्वजनिक टेलेवीज़न, रेडियो और डिजिटल मीडिया सेवा है जिसकी ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के प्रति ज़िम्मेवारियां **हमारे घोषणा-पत्र** के अनुसार हैं। हमें निधिकरण ऑस्ट्रेलिया की सरकार और विज्ञापनों जैसी वाणिज्यिक आय से मिलता है।

हमारे पूरे नेटवर्क पर हम विशिष्ट ऑस्ट्रेलियाई कहानियां, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार, सामयिक मामले, खेल, अंतर्राष्ट्रीय नाटक और वृत्तचित्र, खाने, फिल्म, और ६० से अधिक भाषाओं में स्थानीय रेडियो सेवाएं सांझा करते हैं। हम फर्स्ट नेशन्स कहानियां बताने का गृह भी हैं, जिस में नैशनल इंडिजेनस टेलीविज़न (NITV) मूल निवासियों की दृष्टि से कार्यक्रम उपलब्ध करवाता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी सामग्री समुदाय की अपेक्षाओं से मेल खाती है, हमारे पास कार्यप्रथा संहिता है, जो सारी एसबीएस सामग्री के नियम और मानदण्ड अंकित करती है, आप चाहे कहीं से भी उस तक पहुंचें - टेलीविज़न पर, रेडियो, या ऑनलाइन सोशियल मीडिया के ज़रिये।

कार्यप्रथा संहिता में अहम् विषय अंकित हैं जैसे

विश्वास

हम किस प्रकार विश्वसनीय और प्रासंगिक सामग्री उपलब्ध करवाते हैं

- हम अपनी सामग्री के बारे में स्वतंत्र निर्णय लेते हैं।
- हमारे समाचार और सामयिक मामलों की सामग्री सटीक, संतुलित, और निष्पक्ष, तथा जनता की रुचि की होती है।
- हम विस्तृत रायें और दृष्टिकोण ग्रहण करते हैं - हमारी सामग्री प्रगतिशील और चुनौतीपूर्ण तथा विवादस्पद और उत्तेजक हो सकती है।

पारदर्शिता

आपकी सामग्री के चयन में हम किस तरह मार्गदर्शन करते हैं

- हम जानकारी देते हैं ताकि आप उस सामग्री का चयन कर सकें, जो आपके लिए औरआपकी देखभाल में बच्चों और नवयुवकों के लिए सही है।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि विज्ञापन हमारी सामग्री से अलग हों और कुछ तरह के विज्ञापनों के क्रम स्थान पर स्थापित करते हैं।
- संभत्व रूप से दुःखद सामग्री के बारे में हम ख्याल रखते हैं उसके संभावित श्रोताओं का, संवेदनशीलता बरतते हैं, जहाँ उचित हो चेतावनियां देते हैं, और सिर्फ वो वस्तु प्रदर्शित करते हैं जो सम्पादकीय तौर पर प्रासंगिक हो।

सम्मान

हम किस प्रकार सम्मान बरतते हैं और उसे बढ़ावा देते हैं

- हम ऐसी सामग्री से बचते हैं जिस से पूर्वाग्रह और भेदभाव उभर सकता हो, इस में शामिल है अनुचित पूर्वधारणाए,और प्रासंगिकता का महत्व।
- हम अंग्रेजी के इलावा अन्य भाषाओं में भी सामग्री उपलब्ध करवाते हैं और विस्तृत दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते हैं।
- हम मूल निवासी मुद्दों के प्रस्तुतीकरण के समबन्ध में संवेदनशील हैं, और एबोरिजिनल तथा टॉर्रेस स्ट्रेट आयलैंडर लोगों के सांस्कृतिक शिष्टाचार का पालन करते हैं।
- हम लोगों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं, और उसे अपनी रिपोर्ट करने की ज़िम्मेवारियों के साथ संतुलित करते हैं।

जवाबदेही

हम किस प्रकार जवाबदेह हैं

- हम आपको हमारी सामग्री और सेवाओं के बारे में प्रतिक्रिया के तरीक़े उपलब्ध करवाते हैं, चाहे वे प्रशंसात्मक हों या आलोचनात्मक।
- एसबीएस कार्य प्रथा संहिता के तहत शिकायतों के सिलसिले में हमारी स्वतंत्र कार्य विधि है, इनका अन्वेषण एसबीएस लोकपाल द्वारा किया जाता है।



SBS

और जानकारी पाईये

sbs.com.au/aboutus/sbs-code-of-practice